संख्या-1588/22-4-13-48(34)/12

प्रेषक,

आर0के0 द्विवेदी,
अनु सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-4 लखनऊःदिनांक-21 नवम्बर, 2013

विषयः- जिला कारागार, बदायूँ में दिन शौचालय, वाशिंग प्लेटफार्म एवं नालियों के निर्माण कार्यो हेतु अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-30653/नम-2, दिनांक-17.10.2013 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-83/22-4-13-48(34)/12, दिनांक-31.3.2013 द्वारा जिला कारागार बदायूँ में शौचालय, सेप्टिक टैंक, सोकपिट एवं नाली के निर्माण हेतु रू0-44,53,000/- (रूपया चौवालीस लाख तिरपन हजार मात्र) की प्रशासनिक स्वीकृति एवं प्रथम किश्त के रूप में रू0-15,00,000/- (रूपये पन्द्रह लाख मात्र) धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी थी। आपके उक्त पत्र दिनांक-17.10.2013 में किये गये प्रस्ताव को दृष्टिगत रखते हुये श्री राज्यपाल वित्तीय वर्ष 2013-14 में उक्त निर्माण कार्य हेतु अवशेष द्वितीय किश्त की धनराशि रू0-29,53,000/- (रूपये उन्तिस लाख तिरपन हजार मात्र) की स्वीकृति इस शर्त के अधीन प्रदान करते हैं कि स्वीकृत सम्पूर्ण धनराशि का सदुपयोग दिनांक-31.3.2014 तक अवश्य कर लिया जाय।

2- इस निमित्त होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य-051-निर्माण-04-कारागारों में जलापूर्ति एवं स्वच्छता में सुधार-24-वृहत् निर्माण कार्य" के नामे डाले जायेगा और उक्त लेखाशीर्षक/मद में उपलब्ध प्रावधान से वहन किया जायेगा।

3- उक्त शासनादेश दिनांक-31.3.2013 की अन्य शर्ते यथावत लागू रहेंगी।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप सं0-बी-1-640/दस-2013-231/2013, दिनांक-28.3.2013 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

22/11/13

25-11-13

14147

भवदीय,

(आर0के0 द्विवेदी)
अनु सचिव।

.....2

संख्या-1588(1)/22-4-2013-तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट), उ0प्र0,इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- प्रबन्धक निदेशक, समाज कल्याण निर्माण निगम लि0 लखनऊ।
4- जिलाधिकारी, बदायूँ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन लखनऊ।
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/2
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

/

(आर0के0 द्विवेदी)
अनु सचिव।